Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding payment of salary to serving employees and payment of pension to retired employees of BSNL & MTNL.

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण): माननीय अध्यक्षा जी, मैं बहुत व्यथित अन्त:करण से खड़ा हूं। पिछले चार वर्षों में आपने मुझे सुना होगा कि मैं महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड और बीएसएनएल की सेवाओं के बारे में बार-बार कहता हूं। अगर आप उनकी कॉलर ट्युन्स सुनेंगे तो वह है – 'मेरा देश बदल रहा है, आगे बढ़ रहा है।' यह एमटीएनएल की कॉलर ट्युन है और वह खुद गढ्ढे में जा रहा है। इस सारी स्थिति में सुधार के लिए मैं बार- बार प्रयास कर रहा हूं। यह इतनी दर्दनाक बात है कि पिछले तीन महीने में उनको समय पर तनख्वाह भी नहीं मिलती है। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: संक्षेप में बताइए ।

श्री अरविंद सावंत : वर्ष 2008 में इनकी सरकार ने जो घोटाले किए, उनकी वजह से यह कंपनी घाटे में गई। …(व्यवधान) उस वक्त से लेकर कर्मचारी कितना त्याग कर रहे हैं। …(व्यवधान) कर्मचारियों ने पिछले दस वर्षों में बोनस नहीं मांगा । उनको नई वेतन श्रेणी अभी भी नहीं मिल रही है। इतना सब त्याग करने के बाद भी, अगर सेवाओं में सुधार हो जाए तो कंपनी उभर कर आएगी। मैं एक-एक मिनट में दो-तीन मुद्दे रखना चाहता हूं। एक मुद्दा मैंने रखा था, हाल ही में आपने देखा कि एयर इंडिया ने अपने सुधार के लिए अपने लैण्ड बैंक का इस्तेमाल किया और पैसे जमा किए । हमारे पास भी लैण्ड बैंक है, उसका मॉनेटाइजेशन कीजिए। अपना कॉल सेंटर बनाएं, ये सभी सुझाव मैंने दिए हुए हैं। उन सुझावों पर काम करें।

मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि आप अपनी ओर से सरकार को कहें कि इन दोनों कंपनियों को सक्षम बनाने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाएं।

माननीय अध्यक्ष :

डॉ. संजय जायसवाल और

श्रीमती वी. सत्यबामा को श्री अरविंद सावंत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।